**आकाशवाणी, भोपाल**

**सांध्यकालीन समाचार**

**दिनांक : 30/08/2026** **समय :7.10PM**

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उज्बेकिस्तान का सर्वा◌ेच्च राजकीय सम्मान ‘ऑर्डर ऑफ ओलिय दरजाली दोस्तलिक’ प्रदान किया गया।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चित्रकूट में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत सामग्री वितरित की।
- प्रदेश के एक लाख 22 हजार मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 25 हजार रुपये मिलेंगे।
- एशिया कप महिला टी-20 में आज भारत का मुकाबला थाईलैंड से होगा।

मोदी-उज़्बेकिस्तान सर्वा◌ेच्च सम्मान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज ताशकंद में उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव ने देश के सर्वा◌ेच्च राजकीय सम्मान ऑर्डर ऑफ ओलिय दरजाली दोस्तलिक से सम्मानित किया।प्रधानमंत्री ने यह सम्मान भारत और उज्बेकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे मजबूत संबंधों को समर्पित किया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह यह सम्मान पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत उज़्बेकिस्तान में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए छात्रवृत्तियों की घोषणा करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल से उज़्बेकिस्तान में हिंदी के अध्ययन को और प्रोत्साहन मिलेगा।

बाइट - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा अभियान पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज श्री मोदी ने कहा कि बहुत सारे लोग और विशेषकर युवा बड़ी संख्या में नशा मुक्त युवा और नशा मुक्त भारत अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से नशा मुक्त भारत के लिए प्रभावशाली नारा तैयार करने और युवा संगीतकारों से ऐसे गीत बनाने को कहा जो नशा मुक्त जीवन का संदेश दें।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में यह अभियान देशभर में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान 2 अगस्त से शुरू होकर 100 सप्ताह तक चलेगा।

बाढ़ क्षेत्र दौरा-सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज चित्रकूट पहुंचकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का पैदल भ्रमण कर नुकसान का जायजा लिया और राहत शिविर में प्रभावित परिवारों को वस्त्र, घरेलू सामग्री और खाद्यान्न वितरित किए। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में पूरी सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ है।

वहीं सांसद गणेश सिंह ने कहा कि बाढ़ से हजारों परिवारों की जिंदगी भर की कमाई नष्ट हुई है। उन्होंने प्रभावितों के घर, दुकान, फसल और पशु हानि का सर्वे कराकर तत्काल राहत और विशेष पैकेज देने की मांग की।

मेधावी विद्यार्थी

प्रदेश के करीब एक लाख 22 हजार मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपये मिलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के खातों में 304 करोड़ 98 लाख 50 हजार रुपये से अधिक की राशि अंतरित करेंगे। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत कक्षा 12वीं में प्रथम प्रयास में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थी इसके पात्र होंगे।

जन विश्वास अभियान

प्रमुख सचिव ऊर्जा विभाग मनीष सिंह ने आज मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत नरसिंहपुर जिले के रोंसरा स्थित एमपी ट्रांसको के 220 केवी सब स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्युत आपूर्ति, संचालन और रखरखाव व्यवस्थाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी रबी सीजन में किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए तैयारियां पूरी करने तथा सब स्टेशन की पहुंच मार्ग के शीघ्र सुधार के निर्देश भी दिए।

महिला टी-ट्वेंटी

एशिया कप महिला टी-ट्वेंटी क्रिकेट में आज भारत का सामना थाईलैंड से होगा। दुबई में यह मैंच भारतीय समय के अनुसार रात साढ़े आठ बजे से खेला जाएगा। कप्तान, हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारत प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरूआत करेगा। स्मृति मांधना उपकप्तान होंगी। प्रतियोगिता में आठ टीमे हैं। भारत ग्रुप-ए में थाईलैंड, हांगकांग और पाकिस्तान के साथ है।

मौसम

मौसम विभाग ने आज मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं भोपाल, रायसेन, सीहोर, ग्वालियर, जबलपुर, सागर समेत कई जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। प्रदेश में अब तक करीब 27 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से लगभग 2.7 इंच कम है।

महाबोधि सोसायटी-सम्मान

विश्व धरोहर स्थल सांची की महाबोधि सोसायटी में प्रख्यात पुरातत्वविद पद्मश्री डॉ. नारायण व्यास का अभिनंदन किया गया। इतिहास संकलन समिति रायसेन और 'विदिशा की विरासत' संस्था द्वारा आयोजित समारोह में इतिहास प्रेमियों, शोधार्थियों और शिक्षाविदों ने भाग लिया। वक्ताओं ने भारतीय इतिहास, संस्कृति और प्राचीन धरोहरों के संरक्षण में डॉ. व्यास के योगदान की सराहना की।

कुछ समाचार संक्षेप में:-

- अशोकनगर में मध्यप्रदेश खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष डॉ. कृष्णपाल सिंह यादव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आमजन के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गरीबों को सस्ता अनाज और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ दिया जा रहा है।
- लगातार बारिश के चलते शहडोल क्षेत्र में बाणसागर बांध के छह गेट दो-दो मीटर तक खोले गए हैं। बांध का जलस्तर 341.54 मीटर पहुंच गया है। सोन नदी का जलस्तर बढ़ने से सुखाड़ नदी में छह ग्रामीण फंस गए, जिन्हें निकालने के लिए एसडीआरएफ की टीम भेजी गई है।
- खंडवा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव श्रीवास्तव ने जिला जेल का निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों से मुलाकात कर विधिक सहायता की जानकारी ली। साथ ही पात्र बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता सुविधा दिलाने और जेल की पाकशाला में भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।
- सीहोर जिले में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को टाइम ऑफ डे योजना के तहत जुलाई माह में 53 लाख 86 हजार रुपये की छूट मिली। जिले में अब तक 67 हजार 517 उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिला है।
- देवास में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर क्रॉस कंट्री दौड़ आयोजित की गई। प्रतियोगिता में करीब 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सीनियर, जूनियर और 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को मेडल और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।
- नीमच जिले में सितंबर माह में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत चार शिविर आयोजित किए जाएंगे। तीन सितंबर को रामपुरा और 11 सितंबर को जावद में शिविर होगा। इनमें संबंधित नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों के नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।
- आलीराजपुर के जोबट में प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के विरोध में किसानों का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। अपर कलेक्टर सोहन कनास ने धरना स्थल पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से चर्चा की और उनकी मांगें लिखित रूप में लेकर शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।
- मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव संजय गोयल ने गुना और राजगढ़ जिले के शासकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

-------------